# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ मे निक्षय दिवस का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ मे आज दिनांक 26.10.2021 को रेड रिबन क्लब एवम यूथ रेड क्रॉस द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के दिशा निर्देशन में निक्षय दिवस पर **"टी०बी० मुक्त भारत जन आंदोलन"** विषय पर स्लोगन एवम निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इसमें अग्रवाल महाविद्यालय के 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में मनीषा (बीकॉम, तृतीय वर्ष) ने प्रथम, प्राची शर्मा (बी०एस०सी०, मैथ्स ऑनर्स तृतीय वर्ष) ने द्वितीय तथा हेमलता भाटी (बी०एस०सी०, मैथ्स ऑनर्स तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में भावना (बी०एस०सी०, मैथ्स ऑनर्स प्रथम वर्ष) ने प्रथम, अंजली (बी०एस०सी०, मैथ्स ऑनर्स तृतीय वर्ष) ने द्वितीय तथा मानसी (बी०एस०सी० मैथ्स ऑनर्स द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम अध्यक्षा श्रीमती कमल टंडन ने विजेताओं को बधाई दी व पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय आर०आर०सी० के संयोजक डॉ० जयपाल सिंह, आर०आर०सी० समनवयक श्रीमती नेहा गोयल, सुभाष कैलोरिया एवम श्रीमती साधना (जिला प्रोग्राम अधिकारी टी०बी० विभाग, बीके हॉस्पिटल, फरीदाबाद) उपस्थित रहे।